कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा / माध्य / साप्र / बी–2 / विविध / 4418 / 68 / 302 दिनांक :05.04.2020

जिला कलक्टर महोदय–समस्त।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी–समस्त जिले।

विषय :– कोरोना वायरस (COVID-19) से संक्रमण की रोकथाम हेतु घोषित लॉकडाउन के अन्तर्गत विद्यालयों में ड्यूटी पर कार्यरत कार्मिकों के लिए सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करवाने बाबत्।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य में कोरोना वायरस (COVID-19) से संक्रमण की रोकथाम हेतु शासकीय निर्देशानुरूप घोषित लॉकडाउन के दौरान स्थानीय प्रशासन से प्राप्त निर्देशों की पालना में जिले / राज्य के बाहर से आने वाले व्यक्तियों को समुदाय से प्रत्यक्ष सम्पर्क से रोकने के लिए विद्यालय / अन्य राजकीय भवनों में बनाए गए केन्द्रों पर ठहराने की व्यवस्था में, सर्वेक्षण कार्य में, खाद्य सामग्री वितरण, संदिग्ध संक्रमितों की सम्पर्क सूची बनाए जाने एवं अन्य कार्यों में शिक्षकों / कार्मिकों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

संदिग्ध संक्रमितों से प्रत्यक्ष सम्पर्क की दृष्टि से संवेदनशील प्रकृति की ड्यूटी में लगाए गए शिक्षकों / कार्मिकों को यथा आवश्यकता संक्रमण से बचाव हेतु सुरक्षा उपायार्थ आवश्यक संसाधन / सामग्री (यथा– मास्क, सैनिटाइजर इत्यादि) उपलब्ध करवाने हेतु आपके स्तर से समुचित आवश्यक कार्यवाही करने का श्रम करावें।

(सौरभ स्वामी)
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा / माध्य / साप्र / बी–2 / विविध / 4418 / 68 / 302 दिनांक :05.04.2020

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा,भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान, जयपुर ।
3. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा), राजस्थान, बीकानेर।
5. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान को प्रेषित कर लेख है कि जिला प्रशासन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से समुचित सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित करावें।
6. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक / प्रारम्भिक ।
7. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी,समग्र शिक्षा अभियान ।
8. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
9. स्टाफ ऑफिसर, माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
10. रक्षित पत्रावली।

www.rajteachers.com

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर